**ई–मेल द्वारा**
**अति महत्वपूर्ण/समयबद्ध**

**प्रेषक,**

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

**सेवा में,**

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की संस्थाएँ।

**पत्रॉकः प्राशिप/अनु0–06/वि0 सेमे0 परी0 नव0–दिस0 2025/4454 लखनऊः दिनॉकः 31/10/2025**

**विषयः विषम सेमेस्टर/स्पेशल बैक पेपर, परीक्षा नवम्बर–दिसम्बर 2025 के परीक्षा फार्म भराये जाने विषयक।**

**महोदय,**

कृपया उपरोक्त विषयक परिषद कार्यालय के पत्रांक प्राशिप/अनु06/वि0से0परी0/2025/4425 दिनांक 29.10.2025 एवं प्राशिप/अनु6/2025/3989 दिनांक 15/10/2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसमें विषम सेमेस्टर/स्पेशल बैक पेपर, परीक्षा नवम्बर–दिसम्बर 2025 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म पूर्व की भांति स्टूडेन्ट लॉगिन के माध्यम से निर्धारित परीक्षा शुल्क का भुगतान करते हुए भराने के सम्बन्ध में निर्देश प्रदान किये गये हैं।

उक्त के अनुक्रम में जिसमें विषम सेमेस्टर/स्पेशल बैक पेपर, परीक्षा नवम्बर–दिसम्बर 2025 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म भराये जाने संबंधी प्रक्रिया एवं अन्य दिशा–निर्देश निम्नवत् हैः–

1. सभी संस्थाऐं यह सुनिश्चित कर लें कि उनकी संस्था के समस्त छात्र/छात्राएँ परिषद की वेबसाईट पर बने स्टूडेण्ड लॉगिन पर अपना रजिस्ट्रेशन दिनांक 31.10.2025 तक अवश्य पूर्ण कर लें। उक्त तिथि के पश्चात किसी भी दशा में नामांकन हेतु पार्टल नहीं खोला जायेगा।

2. यदि किसी छात्र/छात्रा के परीक्षा फार्म में फोटो/हस्ताक्षर/जन्म तिथि/मोबाइल नम्बर तथा अन्य बेसिक विवरण में कोई भिन्नता है, तो संबंधित छात्र/छात्रा अपनी संस्था में सम्पर्क करते हुए दिनांक 31/10/2025 तक संस्था लॉगिन के माध्यम से सही करा सकता है। जिसको आनलाईन पोर्टल पर तत्काल अपडेट कर दिया जायेगा।

3. सभी छात्र अपने स्टूण्डेट लॉगिन के माध्यम से दिनांक 01/11/2025 से 05/11/2025 तक ऑनलाइन शुल्क का भुगतान कर परीक्षा फार्म सबमिट करेंगे।

4. छात्र/छात्रा के द्वारा शुल्क जमा करने के उपरांत छात्र का परीक्षा फार्म संस्था लॉगिन पर प्रदर्शित होगा जिसे संस्थान द्वारा परिषद को अग्रसारित किया जायेगा।

5. संस्था प्रधानाचार्य अपने संस्था लॉगिन के माध्यम से दिनांक 01/11/2025 से 07/11/2025 तक छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म परिषद को अग्रसारित कर सकते हैं।

6. दिनांक 05/11/2025 की मध्यरात्रि के पश्चात पोर्टल बंद कर दिया जायेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी दशा में परीक्षा फार्म परिषद द्वारा स्वीकार नही किये जायेंगे।

7. किसी भी छात्र/छात्रा का परीक्षा फार्म परिषद को अग्रसारित किये जाने के पूर्व संस्था प्रधानाचार्य यह सुनिश्चित कर लें कि संबंधित छात्र/छात्रा को परीक्षा में बैठने से रोका तो नही जाना है। पूर्ण रूप से संतुष्ट होने के उपरांत ही छात्र/छात्रा का परीक्षा फार्म परिषद को अग्रसारित किया जाये। परिषद को परीक्षा फार्म अग्रसारित कर दिये जाने के उपरांत परिषद द्वारा यह मान लिया जायेगा कि संबंधित छात्र/छात्रा के परीक्षा में सम्मिलित होने में संस्था को कोई आपत्ति नही है। परीक्षा फार्म को अग्रसारित किये जाने के उपरांत छात्र/छात्रा को परीक्षा से रोके जाने का कोई भी अनुरोध स्वीकार नही किया जायेगा।

Scanned with OKEN Scanner

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त निर्देशों का भली भांति अनुसरण करते हुए अपनी संस्था के समस्त छात्र/छात्राओं का परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क का भुगतान किये जाने संबंधी समस्त कार्यवाही समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें एवं साथ ही नोटिस बोर्ड पर सूचना चस्पा करें तथा संस्था व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से भी छात्र/छात्राओं को उपरोक्तानुसार परीक्षा शुल्क का भुगतान करते हुए परीक्षा फार्म भराये जाने हेतु निर्धारित समय-सीमा से अवश्य अवगत करायें।

भवदीय,

(डॉ0 संतोष कुमार सिंह)
सचिव।

**पृ0 सं0 : प्राशिप/अनु0-06/वि0 सेमे0 परी0 नव0-दिस0 2025/**4455-58 **लखनऊः दिनॉकः**31/10/**2025**

**प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र को इस आशय के साथ कि उपरोक्तानुसार अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को, परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर प्रदर्शित करने हेतु।

(डॉ0 संतोष कुमार सिंह)
सचिव।

Scanned with OKEN Scanner